web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

### आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 07 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-275

# बजटः देश ही नहीं, पूरी दुनिया में दिखेगा मोदी सरकार के फैसले का असर

**नई दिल्ली।** क्या पेट्रोल और डीजल की कारों का जमाना खत्म होने वाला है? क्या आपकी अगली कार एक इलेक्ट्रिक कार होगी? सरकार तो यही चाहती है, इसलिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को बढ़ावा देने वाली घोषणाएं की हैं.इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर टैक्स अब 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है. जिसका फायदा इलेक्ट्रिक कार और ई-बाइक खरीदने वाले लोगों को मिलेगा. लेकिन मोदी सरकार के इस फैसले का फायदा सिर्फ भारतीयों को नहीं मिलेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर इसका असर होने वाला है.दरअसल, जलवायु परिवर्तन पर हुए पेरिस समझौते के तहत पूरी दुनिया के औसत तापमान को 2 डिग्री सेल्सियस तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है. एक International Energy Agency के अनुसार इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2040 तक दुनिया को 60 करोड़ इलेक्ट्रिक गाड़ियों की जरूरत होगी और इन गाड़ियों का एक बहुत बड़ा हिस्सा भारत में मौजूद होगा. तेल की खपत के मामले में भारत, दुनिया में तीसरे नंबर पर है. ऐसे में अगर भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों का जमाना आता है तो दुनिया की इकोनॉमी बदल जाएगी.

**बदलेगी अर्थव्यवस्था-** वैसे इलेक्ट्रिक कार, आपके घर की अर्थव्यवस्था को भी बदल सकती है. मान लीजिए कि आप पेट्रोल से चलने वाली कार का इस्तेमाल करते हैं. आपकी कार का Average 15 किलोमीटर प्रति लीटर है और आप हर रोज 50 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं तो आप एक साल में करीब 84 हजार 350 रुपए का पेट्रोल खर्च कर देंगे.लेकिन अगर आपके पास इलेक्ट्रिक कार हो तो आप एक साल में करीब 1825 यूनिट बिजली खर्च करेंगे और 5 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से इसका कुल खर्च होगा 9 हजार 125 रुपये. यानी पेट्रोल की कार पर साढ़े चार रुपये प्रति किलोमीटर का खर्च आएगा जबकि इलेक्ट्रिक कार का खर्च 50 पैसे प्रति



किलोमीटर होगा. इस तरह एक साल में आप कम से कम 70 हजार रुपये की बचत कर सकते हैं.ये पूरा हिसाब पेट्रोल से चलने वाली एक छोटी कार के खर्च पर आधारित है. अगर आप SUV चलाते हैं या कोई और बड़ी कार चलाते हैं तो फिर आपकी बचत और ज्यादा होगी. यानी जल्द ही आपको ई-कार मार्केट में कई विकल्प मिलने लगेंगे. अभी तो आपकी सैलरी का एक बड़ा हिस्सा पेट्रोल और डीजल खरीदने में खर्च हो जाता होगा. लेकिन अगले कुछ सालों में ये कीमती तेल किसी काम का नहीं रह जाएगा क्योंकि पेट्रोल की कीमत धीरे-धीरे मिट्टी में मिलने वाली है.

**स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट-** स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के Economist Tony Seba ने एक रिपोर्ट तैयार की है. जिसका शीर्षक है Rethinking Transportation. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पूरी दुनिया की Petroleum industry साल 2030 तक खत्म होने की स्थिति में पहुंच जाएगी क्योंकि इलेक्ट्रिक कारों का दौर Transportation को पूरी तरह से बदलकर रख देगा. इसके लिए तर्क दिए गए हैं कि आज के दौर में पेट्रोल और डीजल पर चलने वाली कारों की Life करीब 3 लाख किलोमीटर होती है.जबकि इलेक्ट्रिक कारों की Life 16 लाख किलोमीटर होगी. इस वजह से आने वाले समय में लोग इलेक्ट्रिक कारों को खरीदना शुरू करेंगे. ये बदलाव इसलिए होगा क्योंकि इलेक्ट्रिक कार पर आने वाला खर्च पेट्रोल और डीजल कार के मुकाबले 10 गुना सस्ता होगा. इलेक्ट्रिक गाड़ियों में 18 से 25 Moving Parts होते हैं. जबकि पेट्रोल और डीजल से चलने वाली गाड़ियों में 2 हजार से ज्यादा Moving parts होते हैं. ऐसे में Electric गाड़ियां एक तरह से Maintenance Free हो जाएंगी.इस अर्थशास्त्री के मुताबिक 2022 तक सामान्य इलेक्ट्रिक कारों की Range 300 किलोमीटर के पार चली जाएगी और उनकी कीमत भी गिर जाएगी. वहीं इसके बाद इन कारों की बिक्री बढ़ेगी. इस ट्रेंड पर भी भारत की नजर है और इसीलिए इस बार बजट में इलेक्ट्रिक कारों पर जोर दिया गया है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो युवकों ने किया तलवार से दुकानदार पर हमला, गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में एक दुकान में तोड़फोड़ का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. इसमें एक युवक ने दुकान पर धारदार हथियारों से हमला किया और तोड़फोड़ की. 2 जुलाई को हुई इस वारदात में पुलिस ने मुख्य आरोपी सलमान को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले पुलिस ने एक अन्य आरोपी मारूफ को गिरफ्तार किया था. मामला वेलकम इलाके का है. 2 जुलाई को दुकानदारों को डराने धमकाने की यह घटना सामने आई थी. इससे जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हुआ. सलमान और मारूफ दोनों युवकों ने एक दुकान पर हाथ में तलवार लेकर हमला किया था और तोड़फोड़ की थी. आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने गुरुवार रात आरोपी मारूफ को गिरफ्तार किया. इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी सलमान को भी गिरफ्तार कर लिया है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटना की जांच के आदेश हैं.

### एलजी ने दिए जबरन रिटायरमेंट के निर्देश

**» भ्रष्ट और दागी अफसरों पर शिकंजा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में सरकारी मशीनरी से भ्रष्टाचार हटाने के लिए एलजी अनिल बैजल ने प्लान तैयार किया है. इतना ही नहीं उन्होंने दिल्ली में तैनात दागी और भ्रष्ट अफसरों को कंपल्सरी रिटायरमेंट देने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं. एलजी बैजल की ओर से मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, डीडीए उपाध्यक्ष और तीनों निगमों के आयुक्तों को पत्र लिखा गया है. जिसमें निर्देश दिया गया है कि सभी वरिष्ठ अधिकारी एफ.आर 56(जे)/रूल्स-48 आफ सीसीएस (पेंशन) रूल्स-1972 नियम लागू करके एक महीने में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दें. पत्र में कहा गया है कि भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए यह एक जरूरी कदम है ताकि सरकारी मशीनरी जड़ से ऊपर तक ईमानदारी से काम करती रहे.

### उदय योजना में होगा सुधार, जल्द आएगा नया पैकेज : सीतारमण

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संकटग्रस्त बिजली क्षेत्र को राहत मिलने की उम्मीद दिलाते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) में सुधार करेगी और बिजली क्षेत्र के लिए नए पैकेज की घोषणा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बिजली क्षेत्र के लिए नई शुल्क योजना लाएगी। अपना पहला बजट पेश करते हुए उन्होंने कहा कि उदय योजना को लागू करने में आने वाली बाधाओं को हटाने के लिए केंद्र सरकार प्रदेश सरकारों के साथ काम करेगी। यह योजना 2015 में लॉन्च की गई थी और इसे कई मुद्दों पर आलोचना का शिकार होना पड़ा था।

## एनजीटी की समिति ने जल बोर्ड को आईएसपी की जानकारी देने कहा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी)द्वारा नियुक्त यमुना निगरानी समिति ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को इंटरसेप्टर सीवर परियोजना (आईएसपी) के तहत शामिल नहीं की गई आबादी वाली अनधिकृत कॉलोनियों की सूची 15 जुलाई तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। समिति ने चेतावनी दी कि अगर डीजेबी ऐसा करने में विफल रहा, तो मामला एनजीटी के समक्ष उठाया जाएगा। निगरानी समिति ने कहा कि डीजेबी को यह भी बताना चाहिए कि किस कॉलोनी के गंदे पानी को किस जलमल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि डीजेबी ''इंटरसेप्टर सीवर'' स्थापित करने की प्रक्रिया में है जो यमुना नदी में प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा। अधिकारियों का कहना है कि इसका 97 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इससे पहले, अनधिकृत कॉलोनियों का गंदा पानी शहर के तीन मुख्य नालों नजफगढ़, सप्लीमेंट्री और शाहादरा के जरिए सीधे यमुना नदी में प्रवाहित होता था। आईएसपी अनधिकृत कालोनियों से गंदे पानी को रोककर इसे पास के एसटीपी में भेजता है जो इस पानी को साफ कर उसे मुख्य नालों में भेजता है।




## पौधारोपण के बाद मोदी ने किया भाजपा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान शुरु

**वाराणसी (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिन के अवसर पर वाराणसी के पवित्र पंचकोशी मार्ग पर 'आनंद कानन नवग्रह वाटिका' में पीपल के पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा राष्ट्व्यापी सदस्यता अभियान शुरू किया।

उन्होंने हरहुआ क्षेत्र के राम सिंह पुर गांव में 'आनंद कानन नवग्रह वाटिका' में पूजा कर पौधारोपण शुरु कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। बड़ी संख्या में 'बाल वृक्ष मित्र' बने स्कूली बच्चे एवं 'वृक्ष अधिभावक' अभिभावकों ने मोदी का हाथों में पौधे लेकर स्वागत किया।




उत्तर प्रदेश में 22 करोड़ के साथ पौधे लगाने के लक्ष्य के तहत वाराणसी में करीब 27 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पंचकोशी मार्ग के आसपास पर पौधारोपण को सफल बनाने विशेष इंतजाम किये गए हैं। वन विभाग के अलावा स्कूली बच्चों को पौधों के संरक्षण की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। पोधों को रौल नंबर से पहचान दी जाएगी और अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनकी जिम्मेवारी दी जाएगी।

## छत्तीसगढ़ी सहित अन्य बोलियों में स्कूली बच्चों को मिलेगी शिक्षा - भूपेश बघेल

**» शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री नन्हें प्रतिभाओं का किया सम्मान**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बालोद जिले के नगर पंचायत अर्जुन्दा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्रांगण में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने स्कूल के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मुँह मीठा कराकर और पाठ्य पुस्तक सहित स्कूल बैग प्रदान कर उनका स्कूल में स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएॅ दी।



मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने गुण्डरदेही क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद की मॉग पर अर्जुन्दा को तहसील बनाने और अर्जुन्दा में अगले सत्र से उद्यानिकी महाविद्यालय शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने नगर पालिका परिषद बालोद और दल्लीराजहरा के विकास के लिए एक-एक करोड़ रूपए तथा बालोद जिले के नगर पंचायतों के विकास के लिए पचास-पचास लाख रूपए की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ की उच्च सांस्कृतिक परम्परा को बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक त्यौहार हरेली, तीजा, भक्त माता कर्मा जयंती के लिए राज्य में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में छत्तीसगढ़ी भाषा सहित हल्बी, सरगुजिहा, कुडूख, दंतेवाड़ा गोंडी, कांकेर गोंडी में पाठ्य सामग्री और वीडियो तैयार किए गए हैं। इससे नन्हें बच्चों को उनकी भाषा में शिक्षा मिलने से उनकी शिक्षा अधिक स्वीकार्य एवं आनंददायी बन सकेगी।

## मकान खरीदारों को मिली बड़ी राहत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की पूर्णकालिक पहली महिला वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करने के दौरान वर्षों पुरानी परंपरा को बदल दिया। वित्त मंत्री लोकसभा में बजट पेश करने के लिए जब अपने मंत्रालय से बाहर आई तो उनके हाथ में इस मौके पर पहले के वित्त मंत्रियों के हाथ में नजर आने वाला लाल रंग का ब्रीफकेस नहीं बल्कि इसी रंग का अशोक स्तंभ वाला मखमली कपड़े का एक पैकेट था जिसमें बजट रखा हुआ था।

बजट पेश करते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि 45 लाख रुपये तक के मकान खरीद के लिए ब्याज पर आयकर छूट की सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा उन्होंने ऐलान किया कि स्टार्टअप के लिए जुटायें गए धन की आयकर जांच नहीं होगी। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन के लिए लिये गये ऋण के 1.50 लाख रुपये तक के ब्याज पर आयकर में छूट और इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का जीएसटी परिषद से अनुरोध किया गया है।

## 7.1 तीव्रता के भूकंप से दहला दक्षिणी कैलिफोर्निया

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी राज्य में गुरुवार को आए 20 साल में सबसे शक्तिशाली, 6.4 तीव्रता के भूकंप के एक दिन बाद फिर से दक्षिणी कैलिफोर्निया भूकंप के झटकों से दहल गया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.1 मापी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, शुक्रवार रात 8.19 बजे आए भूकंप का केंद्र रिजरक्रेस्ट के पास था। वैज्ञानिकों ने कहा कि, गुरुवार को कैलिफोर्निया के सीर्ल्स वैली के एक दूरस्थ क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। उसके बाद 1,400 से भी अधिक आफ्टरशॉक्स उत्पन्न हुए थे।

## ट्यूनीशिया सरकार ने नकाब पर लगाया प्रतिबंध

**ट्यूनिश।** ट्यूनीशिया के प्रधानमंत्री ने देश में हुए हमलों के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए सरकारी कार्यालयों में नकाब पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री यूसुफ चाहेद ने एक सरकारी परिपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें '' सरकारी प्रशासनिक कार्यालयों एवं सरकारी संस्थानों में किसी भी व्यक्ति के मुंह ढक कर आने पर सुरक्षा कारणों से प्रतिबंध'' लगाने की बात की गई है। ट्यूनिश में 27 जून को हुए दोहरे आत्मघाती बम विस्फोट के बाद कड़ी सुरक्षा के चलते नकाब पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस हमले में दो लोग मारे गए थे और अन्य सात घायल हो हुए थे।

## अफगानिस्तान में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में 19 मारे गए

**हेरात।** अफगानिस्तान में हेरात प्रांत के काराख जिले में अफगानिस्तान सुरक्षा बलों और तालिबानी आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में नौ सुरक्षा कर्मियों सहित और तालिबान के प्रमुख कमांडर मुल्ला घोसुदिंग और उसके नौ लडाकू सहित 19 लोगों की मौत हो गयी। प्रांतीय पुलिस प्रमुख अमीनुल्लह ओमरखिल की शनिवार को यह जानकारी दी।

उमरखील ने बताया कि तालिबानी कमांडर मुल्ला घोसुदिंग के नेतृत्व में तालिबानी आतंकवादियों ने शनिवार तड़के काराख जिले के मलूमा इलाके में सुरक्षाबलों की चौकियों पर हमला किया। यह मुठभेड कई घंटों तक चली जिसमें सुरक्षा बल के नौ जवानों की भी मौत हो गयी और कुख्यात तालिबान कमांडर समेत 10 आतंकवादी मारे गए।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ में 15 से अधिक आतंकवादियों और छह सुरक्षाकर्मी घायल हुये हैं। हेरात पुलिस प्रमुख ने बताया सुरक्षा बल का प्रांत के अन्य जगहों में आतंकवादियों को निशाना बनाना जारी है। तालिबान आतंकवादियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## निर्भया जैसी दरिंदगी पर गुस्से में दिल्ली

**» बिटिया सिर्फ पापा बोल पा रही है, और कुछ भी नहीं, पीड़ित बालिका के पिता ने कहा**

**नईदिल्ल (आरएनएस)।** नईदिल्ली के द्वारका इलाके में 6 साल की बच्ची से हुई निर्भया जैसी दरिंदगी ने फिर एक बार राजधानी को हिलाकर रख दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन बच्ची की हालत नाजुक बनी हुई है। बच्ची की हालत का जिक्र करते हुए उसके पिता ने कहा कि मासूम बिटिया सिर्फ पापा बोल पा रही है और कुछ नहीं। बता दें कि 2 जुलाई को 6 साल की मासूम बच्ची द्वारका में घर के पास खेल रही थी तभी मोहम्मद नन्हे नाम का एक शख्स बच्ची के पास आया, उसे टॉफी दिलाने के बहाने साथ ले गया और पास की झाड़ियों में उसने बच्ची के साथ गलत काम किया। इसके बाद वह वहां से फरार हो गया। बिलखती बच्ची घिसटकर सड़क तक पहुंची। बच्ची को पहले गांव वालों ने देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस और गांव के लोगों ने मिलकर पहले उसके पैरेंट्स के बारे में पता लगाया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत ज्यादा खराब होने पर सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उस दरिंदे की पहचान कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। फिलहाल मासूम सफदरजंग अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत काफी नाजुक बनी हुई है। वहीं इस वहशियाना हरकत के खिलाफ लोगों का गुस्सा फट पड़ा है।



द्वारका इलाके में मंगलवार दोपहर हुई इस वारदात के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया और सख्त सजा की मांग की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पीड़ित बच्ची के परिवारवालों से मुलाकात की है। उन्होंने कहा, हम द्वारका में 6 साल की उस लड़की के परिवार को मदद के रूप में 10 लाख रुपये देंगे, जिसका यौन उत्पीड़न किया गया था। मैं डॉक्टरों से मिला, वह अब स्थिर है और खतरे से बाहर है, हम परिवार को एक वकील भी प्रदान करेंगे।

बच्ची से दरिंदगी के बाद द्वारका सेक्टर-23 के आसपास के लोगों में गुस्सा है। दोपहर को लोगों ने घटनास्थल पर प्रदर्शन किया। द्वारका-गुड़गांव अंडरपास को जाम करने की कोशिश भी की।

पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया कि बच्ची की हालत अभी ठीक नहीं है। वह कल तक कुछ बोल नहीं पा रही थी। जज भी आई थीं। बच्ची कुछ बोल नहीं पा रही थी। यह देख कर जज ने कहा कि वह बाद में बयान लेने आएंगी।